प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लखनऊ के रहने वाले ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की सफल अंतरिक्ष यात्रा पर लोकसभा में आज भी हुई विशेष चर्चा : वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की विशेष भूमिका पर दिया गया जोर।
2. लखनऊ में आज चिवनिंग–यूपी छात्रवृत्ति योजना के लिए हुए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– मेधावी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा का अवसर देगी योजना।
3. दिसंबर 2025 तक पूरे हो जाएँगे अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण के सभी कार्य : मंदिर निर्माण के इतिहास को लेकर बनाई जाएगी डॉक्यूमेंट्री। और
4. प्रदेश में गंगा, शारदा, घाघरा और रामगंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर : मथुरा में यमुना का जलस्तर बढ़ा, बनाई गईं 49 बाढ़ चौकियां।

——————————

लखनऊ के रहने वाले अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला पर लोकसभा में विशेष चर्चा आज भी हुई। चर्चा में वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लिए अंतरिक्ष कार्यक्रम की विशेष भूमिका पर जोर दिया गया। चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि

शुभांशु शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र पर भारत के प्रथम अंतरिक्ष यात्री के रूप में देश की एक सौ चालीस करोड़ आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। बाइट....

*वो देश का आदमी है एक सौ चालीस करोड़ लोगों को उसने रिप्रेजेंट किया और वो भारत का प्रथम अंतरिक्ष यात्री बना पूरा विपक्ष जो है कंधे से कंधे मिलाकर माननीय प्रधानमंत्री जी के सपोर्ट करेगा उसको प्रेज करेगा और दुनिया को बताएगा की जहाँ तक सुरक्षा का सवाल है स्पेस का सवाल है विकास का सवाल है विकसित भारत बनाने का सवाल है उसमें पूरा देश एक।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भविष्य के मिशनों का नेतृत्व करने के लिए भारत में अंतरिक्ष यात्रियों का एक बड़ा समूह बनाने की आवश्यकता पर ज़ोर दिया है। श्री मोदी ने कल नई दिल्ली में ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के साथ बातचीत के दौरान यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत के सामने अब दो बड़े मिशन हैं– भारत अतरिक्ष स्टेशन और गगनयान। प्रधानमंत्री ने कहा कि श्री शुक्ला का अनुभव इन आगामी प्रयासों में बहुत उपयोगी होगा।

शुभांशु के पिता शंभू दयाल शुक्ला ने इस मुलाकात पर ख़ुशी जताई है। बाइट.....

*बहुत अच्छा महसूस कर रहे हैं।माननीय प्रधानमंत्री जी से उनकी अच्छी मुलाकात हुई मेरे बेटे ने जो है सभी बताया की वहाँ पर कैसा क्या रहा है किस तरह उन्होंने जो है पूरा किया और पूरा पूरा उन्होंने पूछा और बच्चे को प्यार दिया पूरा जो है आशीर्वाद दिया और उसने भी अपना जो कुछ है वो जो झंडा लेकर वहाँ गया था वो झंडा माननीय प्रधानमंत्री जी को उसने भेंट किया की मतलब मैं स्पेस से वापस लाया हूँ इसको वहाँ से लगा के।*

प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री एवं पूर्व सदस्य विधान परिषद मोहसिन रज़ा ने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से पत्र लिखकर शुभांशु शुक्ला को विशेष सम्मान देने की मांग की है।

शुभांशु शुक्ला के 25 अगस्त को लखनऊ आने की संभावना हैं।

—————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष सहित सभी राजनीतिक दलों से एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी पी राधाकृष्णन को सर्वसम्मति से चुनने की अपील की है। आज नई दिल्ली में हुई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन—एनडीए संसदीय दल की बैठक के दौरान श्री मोदी ने एन.डी.ए. सांसदों से श्री राधाकृष्णन का परिचय कराया। उन्होंने श्री राधाकृष्णन के लम्बे सार्वजनिक जीवन के बारे में बताया। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन ने भी अपने प्रत्याशी का ऐलान कर दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी को विपक्ष की ओर से उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाया गया है।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में आज लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार और द फॉरेन कॉमनवेल्थ एंड डेवलपमेंट ऑफिस यू.के. के बीच चिवनिंग—भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी उत्तर प्रदेश राज्य सरकार

छात्रवृत्ति योजना के लिए एमओयू हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य मेधावी विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षा, शोध और नेतृत्व में उत्कृष्टता प्राप्त करने का अवसर देना है। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि प्रत्येक वर्ष प्रदेश के पाँच प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन कर यूनाइटेड किंगडम के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में मास्टर डिग्री के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। बाइट.....

*यह जो एमओयू है, तीन साल के लिए हुआ है। एक एक साल के लिए पांच पांच छात्र जाएंगे और वहां शिक्षा ग्रहण करेंगे। इसके अंतर्गत निर्धन छात्र और संसाधन विहीन छात्रों को विदेशों में जाकर पढ़ने का मौका मिलेगा। इसका आधा खर्च उत्तर प्रदेश सरकार उठाएगी और आधा खर्च एफसी डीओ यूके उठाएगा।*

———————

उत्तर प्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की ओर से लखनऊ में हो रहे तीन दिवसीय सेमिनार के दूसर दिन आज साइबर विशेषज्ञों द्वारा साइबर अपराध को रोकने के लिए मंथन किया गया। इस दौरान डार्क वेब के जरिये होने वाली अवैध गतिविधियों और क्रिप्टो करेंसी के अनियंत्रित उपयोग पर चर्चा की गयी।

———————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया है कि दिसंबर 2025 तक राम मंदिर निर्माण के सभी कार्य पूरे हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि अयोध्या राम मंदिर निर्माण कार्य की प्रगति की कल हुई समीक्षा बैठक में कई अहम निर्णय लिए गए हैं। श्री मिश्र ने बताया कि निर्माण स्थल पर लगाए गए पाँच टाइम–लैप्स कैमरों से रिकॉर्ड दृष्यों से मंदिर निर्माण के पिछले पांच वर्षों के इतिहास को लेकर एक डॉक्यूमेंट्री भी बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट, रुड़की से करार किया गया है। बाइट....

*मंदिर में पांच कैमरे लगाए गए हैं।जो भी निर्माण कार्य खुलता है मौके पर वो कैमरे में आ जाता है। तो ये एक बहुत बड़ी संपत्ति है। इसको कहते हैं इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट बन गयी। ये ट्रस्ट की इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट है। इस पूरी इंटेक प्रॉपर्टी राइट को एक शर्तनामे के साथ सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट उनको ये दे दिया जायेगा जिससे वो शिक्षण प्रशिक्षण के कार्य में भी इसका उपयोग करें और एक ऐतिहासिक डॉक्यूमेंट्री बनाने का प्रयास करें।*

——————————

राज्य में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग 21 अगस्त को लखनऊ में एक कॉन्क्लेव का आयोजन करने जा रहा है। कॉन्क्लेव में पर्यटन क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों, फार्म स्टे और होम स्टे मालिकों, ग्रामीण एवं जिला समन्वयकों और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों की भागीदारी रहेगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कॉन्क्लेव के विभिन्न सत्रों में प्रदेश में ग्रामीण पर्यटन की संभावनाओं, चुनौतियों और विभिन्न रणनीतियों पर विचार मंथन किया जायेगा।

——————

उत्तर प्रदेश राज्य पुरातत्व निदेशालय 20 अगस्त से लखनऊ में 11 दिवसीय पुरातत्व अभिरुचि पाठ्यक्रम का आयोजन करेगा । इसमें मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, गुजरात, महाराष्ट्र, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, नई दिल्ली से लोगों ने सहभागिता के लिए पंजीकरण कराया है। राज्य पुरातत्व निदेशक रेनू द्विवेदी ने बताया कि इस कार्यक्रम में अब तक 550 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया है।

——————

ओडी–ओपी उत्पादों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वाराणसी परिक्षेत्र के डाकघरों में अब बलिया के प्रसिद्ध ओडी–ओपी उत्पाद सत्तू की भी बिक्री शुरु हो गई है।

प्रधान डाकघर में वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्ट मास्टर जनरल कर्नल विनोद कुमार ने आज इसकी बिक्री के लिए अधिकृत काउंटर की शुरुआत की।

——————————

अमरोहा नगर पालिका परिषद अपना एप लॉन्च करने वाली प्रदेश की पहली नगर पालिका बन गई है। इस एप को शहर मित्र एप का नाम दिया गया है। उप नगर आयुक्त डॉ ब्रजेश कुमार ने बताया कि इस एप के माध्यम से नगर पालिका से जुड़ी समस्याओं का समाधान लोग घर बैठे ही पा सकते हैं। बाइट......

*ये एप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस प्ले स्टोर के माध्यम ऐसी जो आपका टैक्स है वो भी आप ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। हमने विभिन्न गेटवे भी उसमें निर्धारित किए है जैसे पेटीएम हो गया, गूगल पे हो गया। इसके माध्यम से आप भुगतान कर सकते हैं।*

——————————

रुक रुककर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं। फरुखाबाद, बदायूं में गंगा, लखीमपुर खीरी में शारदा, बाराबंकी, अयोध्या, तुर्तीपार में घाघरा और शाहजहांपुर में रामगंगा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। शाहजहांपुर में रामगंगा के किनारे बसे कई गांवो के खेत पानी में डूब गए हैं। मथुरा के एस.पी. देहात सुरेश चन्द्र रावत ने बताया कि यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से

**प्रभावित क्षेत्रों में उन्चास बाढ राहत चौकियां बनाई गई है**

**बाइट....**

*जनपद मथुरा में यमुना नदी के जल स्तर विगत दिनों में कुछ बढ़ाहै और अभी हमारी जो संयुक्त टीमें बनी हुई है राजस्व, पुलिस और अन्य विभागों की वो सभी सक्रिय है। उन उनचास चौकियाँ पूरी स्थापित की गयी है।*

(समाप्त)